हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 20 अक्टूबर 2026

रायपुर की आनंद वाटिका अब सज चुकी है

Welcome at

ANAND Vatika



HAPPY DUSSEHRA

Valet Parking

Sunday Open

ANAND Jewels

Pandri, Raipur

Scan to Experience it live

खबर संक्षेप

कोसीर का ऐतिहासिक गढ़ महोत्सव दशहरा आज

कोसीर। कोसीर का यह दशहरा महोत्सव बहुत ही ऐतिहासिक व प्रसिद्ध माना जाता है। इस विशाल व भव्य अंचल का एक मात्र दशहरा महोत्सव माना जाता है जिसको लेकर अंचल के लोगों मे भारी उत्साह देखा जा रहा है। इसकी तैयारी विशेष रुप से की जा रही है। तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। विदित हो कि कोसीर के दशहरा महोत्सव बहुत ही ऐतिहासिक व प्रसिद्ध है जो कि आदि काल से चलते आ रहा है। आज भी बहुत ही विशेष व प्रसिद्ध है जहाँ हजारो की संख्या मे लोग पहुंचते है और मेला की आंनद लेते है महोत्सव को लेकर भव्य मेला का आयोजन किया जाता है जिसमे क्षेत्रीय व दुर दराज से हजारो की संख्या मे लोग पहुंच कर मेले का आंनद लेते है। कोसीर दशहरा महोत्सव में गढ विछेदन कार्यक्रम विशेष होता है जिसे देखने लोगो की हुजूम उमड पडती है दर्जनों प्रतिभागी होते है जो इस कार्यक्रम को सफल बनाते है जिसमे प्रथम विजेता को सम्मानित कर विशेष पुरुस्कृत किया जाता है इस तरह दशहरा महोत्सव की आनंद दिन प्रति दिन बढता जा रहा है आज दशहरा महोत्सव मे शौर्य प्रदर्शन का भी परंमपरा विशेष है इस मे यादव समाज के दारा विशेष तलवार व अन्य हथियार के दारा विशेष शौर्य प्रदर्शन किया जाता है जिसे देख लोगो की हजुम उमड पडती है इस तरह से कोसीर की दशहरा महोत्सव बहुत ही प्रसिद्ध माना जाता है। आज दशहरा महोत्सव को लेकर सारंगढ विधायक उतरी गनपत जागडे के सौजन्य से विशेष कार्यक्रम कोसीर मे होगा।

नहाने के दौरान डेम में डूबने से युवक की मौत

अंबिकापुर। जिले के दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम पोड़ीखुर्द स्थित डेम में नहाने के दौरान गहरे पानी में चले जाने से एक युवक की डूबकर मौत हो गई। इस दुरान युवक के साथियों ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन वे सफल नहीं हुए। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम द्वारा शव को पानी से निकाला गया। पुलिस ने पीएम उपरंत शव परिजन के सुपुर्द कर दिया है। बताया जा रहा है कि शहर के नमनाकला निवासी 22 वर्षीय हर्ष कश्यप आ. रवि कश्यप अपने दोस्त निरंजन पैकरा व अन्य के साथ 17 अक्टूबर को पोड़ीखुर्द हरिपारा स्थित घुनघुट्टा डेम में नहाने गया था। नहाने के दौरान हर्ष कश्यप गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसे बचाने के लिए उसके तीनों दोस्तों ने काफी प्रयास किया, लेकिन वे उसे बचाने में सफल नहीं हो सके। घटना की सूचना मिलने पर दरिमा पुलिस मौके पर पहुंची। युवक के गहरे पानी में डूब जाने के कारण उसका शव तत्काल नहीं मिल पाया। इसके बाद एसडीआरएफ की टीम को सूचना दी गई। टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद युवक के शव को पानी से बाहर निकाला। फिलहाल दरिमा पुलिस मामले में आगे की जांच में जुटी हुई है।

सुवारपारा मोड़ पर बाइक पेड़ से टकराई, सवार युवक की मौत

अम्बिकापुर। सुवारपारा से बटईकेला मार्ग स्थित मोड़ पर तेज रफ्तार बाईक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बतौली अंतर्गत ग्राम बिलासपुर निवासी अजय कुमार चक्रवर्ती आ. प्रदीप कुमार चक्रवती (21 वर्ष) अंबिकापुर में रहकर रेलवे स्टेशन के समीप होटल में मैनेजर के पद पर कार्यरत था। अपने निजी काम से 5 बजे बतौली पहुंचा और अपने भाई से अपना बाइक केटीएम क्रमांक सीजी 15 ई जे 4512 को बिलासपुर से बतौली मंगवाया और कहा कि बाईक अंबिकापुर लेकर जा रहा हूं। दोस्तों से मिलने के बाद रात्रि 8 बजे जूनापारा मंगारी सुवारपारा क्रेशर मार्ग से जाने लगा और जैसे सुवारपारा मोड के समीप पहुंचा तभी सड़क किनारे स्थित बकेन के पेड़ से अनियंत्रित होकर जा टकराया जिससे युवक के सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। बतौली पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया।

विधि-विधान से की पूजा-अर्चना, मां दुर्गा से की प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना

महानवमी पर कौशल्या साय ने बगिया में किया कन्या पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



शारदीय नवरात्रि की महानवमी पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने बगिया स्थित गृह निवास में कन्या पूजन कर मां दुर्गा के प्रति अपनी श्रद्धा और आस्था प्रकट की। इस अवसर पर उन्होंने विधि-विधान से कन्याओं का पूजन किया और उन्हें श्रद्धापूर्वक भोजन कराया।

कन्या पूजन के दौरान श्रीमती कौशल्या साय ने पूरे विधि विधान से नौ कन्याओं के माथे पर कुमकुम, अक्षत और चंदन का तिलक लगाया तथा कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा। उन्होंने कन्याओं को लाल चुनरी ओढ़ाकर धूप-दीप से आरती उतारी और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने कन्याओं को सात्विक भोजन कराया। भोजन के बाद श्रीमती कौशल्या साय ने कन्याओं को दक्षिणा एवं उपहार भेंट किए और उनका आशीर्वाद लिया।

महानवमी के पावन अवसर पर श्रीमती कौशल्या साय ने मां दुर्गा से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि नवरात्रि का यह पर्व श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है। छोटी कन्याओं को मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का प्रतीक मानकर उनकी पूजा-अर्चना की जाती है। इस परंपरा के माध्यम से नारी शक्ति के प्रति सम्मान, श्रद्धा और समर्पण का भाव प्रकट किया जाता है। कन्या पूजन भारतीय संस्कृति की उस परंपरा का प्रतीक है, जिसमें बेटियों को देवी स्वरूप मानकर उनका सम्मान किया जाता है।

गायत्री चेतना केंद्र में शारदीय नवरात्र पर दी गई पूर्णाहुति



पत्थलगांव। गायत्री चेतना केंद्र में शारदीय नवरात्र पूर्णाहुति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रविवार को शारदीय नवरात्र अखंड दीप स्थापना एवं घट स्थापना सभी गायत्री परिजनों एवं आसपास से आए श्रद्धालुओं के मध्य प्रातः 9 से 12 बजे के मध्य डॉक्टर केके आजाद के द्वारा वेद मंत्रोच्चार पूजन के साथ किया गया था।

गायत्री परिजन ने अपने घरों में देव कलश स्थापित कर गायत्री महामंत्र का अनुष्ठान माला जाप के माध्यम से नव दिवसीय साधना का आयोजन भी किया। रविवार को सभी परिजनों द्वारा मंदिर में अखंड जाप पूर्ण किया गया। मंच पर उपस्थित डॉक्टर केके आजाद, दिलीप भगत एवं शांतेश्वर यादव के द्वारा कर्मकांडी संस्कृत श्लोक एवं युग संगीत गायन कर यज्ञ संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में गायत्री चेतना केंद्र के वरिष्ठ परिजन गणेश्वर बेहरा, दिलीप भगत, डीआर चौहान, शांतेश्वर यादव, तोरेंद्र यादव, रत्नाकर खूंटिया, दिलीप साहू, रविशंकर खूंटिया, सखाराम सिदार, बसंती नामदेव, सोनिया साहू, भीमसेन स्वर्णकार ,ललित कुमार यादव, जयद्रथ यादव ,इंद्रजीत सिदार ,रूपनारायण यादव सभी सपरिवार एवं क्षेत्र से आए परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। अंत में चेतना केंद्र के व्यवस्थापक पवन अग्रवाल ने सभी परिजनों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ सहसमन्वयक डीआर चौहान ने कार्यक्रम समापन की घोषणा की। आरती पश्चात अखंड दीप दर्शन ,नौ कन्या भोज के बाद महा भंडारा प्राप्त करने का निवेदन किया गया।

गरबा महोत्सव में धर्म, संस्कृति का अनूठा संगम



जशपुरनगर। स्थानीय हरि कीर्तन भवन में आयोजित 'अक्स गरबा महोत्सव' में धर्म, संस्कृति और जन-जागरूकता का अनूठा संगम देखने को मिला। नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित इस भव्य महोत्सव में करीब 1500 बच्चों और युवाओं ने पारंपरिक परिधानों में गरबा और डांडिया की मनमोहक प्रस्तुति दी। उल्लासपूर्ण माहौल के बीच जशपुर पुलिस के सहयोग से चलाए गए हेलमेट जागरूकता अभियान ने पूरे आयोजन को सामाजिक सरोकार की नई दिशा दी, महोत्सव का सबसे खास आकर्षण वह पल रहा जब मंच पर मौजूद सभी कलाकारों ने सिर पर हेलमेट पहनकर गरबा कराया। इसी दौरान गायिका तत्सा गुप्ता ने हेलमेट और यातायात सुरक्षा पर आधारित विशेष जागरूकता गीत गाकर श्रोताओं को नियमों के पालन का संदेश दिया। भक्ति संगीत के बीच कलाकारों के इस नवाचार ने दर्शकों को सड़क सुरक्षा के प्रति गहराई से सोचने पर विवश किया।

> ■ 1 हजार 500 बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

गायत्री शक्तिपीठ में 101 कन्याओं का कन्यापूजन



जशपुरनगर। शारदीय नवरात्रि के महानवमी पर गायत्री शक्तिपीठ जशपुर में 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ पूरे विधि विधान से श्रद्धालुओं ने यज्ञाग्नि में आहुति प्रदान की। जिसमे 4 पालियो में श्रद्धालुओं ने हवन किया एवं गायत्री मंत्र , महामृत्युंजय मंत्र मंत्र से आहुति प्रदान करते हुए पूरे विश्व के कल्याण की कामना की गई।

इसके साथ माँ दुर्गा की भी स्तुति करते हुए आहुतियां प्रदान की गई। मंच का संचालन महिला मंडल स्कूल के द्वारा किया गया जिसमें श्रीमती निद्रावती चौहान, तूलिका पाठक, श्वेता दुबे, सावित्री पैंकरा, राजेश्वरी साहू के नाम शामिल है। कार्यक्रम में विद्यारंभ एवं मुंडन संस्कार भी कराया गया एवं नौ दिवस तक साधना करने वाले परिजनों ने पूर्णाहुति भी की एवं माता भगवती भोजनालय द्वारा एक हजार से अधिक नगरवासियों को भोजन प्रसाद प्रदान किया गया। इस दौरान 101 नौकन्यायो को सर्वप्रथम मंत्रोचार के साथ कन्यापूजन किया गया एवं उन्हें विधिवत कन्याभोज कराया गया उन्हें उपहार दिए गए । जिसमें गायत्री परिजनों के साथ ही नगर की माताओ बहनो ने कन्या भोज में सभी नौकन्यायो को प्रसाद फल मिष्ठान आदि से उन्हें श्रद्धापूर्वक भोजन कराया।

भक्ति और डांडिया के बीच गूंजा स्वच्छता का संदेश



जशपुरनगर। श्री नारायण जनकल्याण समिति द्वारा आयोजित जशपुर गरबा महोत्सव 2026 के आठवें दिन दर्शकों का सैलाब उमड़ पड़ा। देर रात तक गरबा पंडाल में उत्साह चरम पर रहा। आठवें दिन समिति ने स्वच्छता अभियान पर विशेष ध्यान देते हुए गानों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।

सबसे बड़ा आकर्षण रहा स्वच्छता गीत, जिसमें कलाकार कमलेश्वर सारथी जी ने 'स्वच्छ जशपुर' के संदेश पर गरबा कराया, जिसे दर्शकों ने खूब प्यार और तालियों से सराहा। इस भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में जशपुर राजपरिवार के राजा रणविजय सिंह जूदेव, रानी साहिबा, युवराज यश प्रताप सिंह जूदेव, राजकुमार आर्य प्रताप सिंह जूदेव और विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कल्याण आश्रम के महामंत्री योगेश बापट, अभय कंस्ट्रक्शन के अभय सोनी, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत उपस्थित रहे। वहीं गरबा महोत्सव के प्रायोजक रामनिवास अग्रवाल, टीवीएस शिव शक्ति से विकास गुप्ता, वंशराज बाउंड्री वॉल से मनोज गुप्ता, अलंकार साड़ी से मुकेश सोनी, गोपाल ऑटो से गोपाल यादव, ज्योति ट्रेडर्स से अमित सोनी, जगदंबा ज्वेलर्स से जिमी सोनी, आर्किटेक्ट ऋषभ गुप्ता, राजकुमार अग्रवाल, महेंद्र कुमार अग्रवाल ने भी उपस्थित होकर आयोजन में समिति के साथ पूर्ण सहभागिता निभाई। राजा रणविजय सिंह जूदेव ने कहा श्री नारायण जनकल्याण समिति जशपुर विगत 22 वर्षों से भक्ति का संदेश दे रही है, इस पर मेरा पूरा आशीर्वाद और साथ हमेशा बना रहेगा।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत ने कहा नगर के विकास में समिति का सहयोग मिल रहा है। समिति द्वारा अच्छे ड्रेस, अच्छे डांस और बंपर पुरस्कारों की घोषणा की गई। मुख्य पुरस्कार आशीष सतपथी, सतपथी इन्फोटेक की ओर से कंप्यूटर सेट दिया गया। इसके अलावा अनेक प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया।

बोरोडीपा का दुर्गोत्सव 23 वर्षों से वैदिक परंपरा पर कायम



पुसौर। जब पुसौर आज की तरह नगर पंचायत भी नहीं बल्कि ग्राम पंचायत था तब सन 2003 में वार्ड क्रमांक 1, 2 और 15 के रहवासियों ने एक छोटे से संकल्प के साथ दुर्गा पूजा की शुरुआत की थी। उद्देश्य सिर्फ एक था अपने ही मोहल्ले में माँ भगवती की पूजा पाठ हो। आज 23 वर्ष बाद वही छोटा संकल्प पुसौर के सबसे अनुशासित और वैदिक परंपरा वाले दुर्गोत्सव के रूप में स्थापित हो चुका है। यह आयोजन सिर्फ मेला ठेला नहीं बल्कि पूर्णतः शास्त्रोक्त और वैदिक विधि से संपन्न हो रहा है। आचार्य के रूप में पिछले 23 वर्षों से लगातार पं. मोहन सतपथी इस पूजा का निर्वहन कर रहे हैं।

संकल्प और कलश स्थापना नवरात्रि के षष्टम दिन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापना और माँ का आवाहन किया जाता है। षोडशोपचार पूजन माँ भगवती का प्रतिदिन 16 प्रकार की सामग्रियों से पूजन दुर्गा सप्तशती का पाठ और हवन किया जाता है। इस वर्ष मुख्य यजमान के रूप में गुणमणि भोय दुर्योधन गुप्ता परमानंद प्रधान और शिवप्रसाद ठाकुर सपत्नीक शामिल हुए। शास्त्रों में सपत्नीक पूजा को ही पूर्ण माना गया है। आचार्य मंडल मुख्य आचार्य पं.मोहन सतपथी के साथ पाठक के रूप में मनोज होता और सहयोगी के रूप में सुभाष बैरागी एवं बाबू पंडा वैदिक मंत्रों के साथ पूजा को निर्विघ्न रूप से संपन्न करा रहे हैं। इस आयोजन की सबसे बड़ी खासियत इसका संचालन है। आयोजक मंडल हर वर्ष अपने अढ़ाई वार्ड के रहवासियों और कुछ नामवर श्रद्धालुओं से अंशदान लेकर आयोजन को मूर्त रूप देता है। न कोई बड़ा चंदा न कोई दिखावा सिर्फ श्रद्धा से यह आयोजन चल रहा है। आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी समावेश होता है। इस वर्ष संचालक मंडल ने विशेष रूप से अष्टमी पूजा के दिन भाई दूज भाईजुइतिया करने वाली माताओं बहनों के लिए पालाभजन कीर्तन का विशेष आयोजन भी किया है जो मातृशक्ति के सम्मान का प्रतीक है।

जनपद कार्यालय में सोलर हाई मास्ट लाइट स्थापित

पुसौर। सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत एनटीपीसी लारा द्वारा पुसौर जनपद पंचायत कार्यालय परिसर में सोलर हाई मास्ट लाइट की स्थापना की गई है। जानकारी के अनुसार यह लाइट एनटीपीसी लारा के सीएसआर मद से लगाई गई है। पहले शाम होते ही जनपद परिसर में अंधेरा छा जाता था जिससे कार्यालय की सुरक्षा और आने जाने वाले लोगों को परेशानी होती थी। इस हाई मास्ट सोलर लाइट के लगने के बाद अब पूरा जनपद परिसर रात में भी दूधिया रोशनी से जगमगा रहा है। यह लाइट सौर ऊर्जा से चलती है इसलिए बिजली की खपत भी नहीं होगी और पर्यावरण के अनुकूल भी है।

सरिया में कांग्रेस का जंगी प्रदर्शन, किया पुतला दहन



सरिया। देशभर में चल रहे कांग्रेस के वोट चोर गद्दी छोड़ राष्ट्रव्यापी आंदोलन और स्थानीय जन समस्याओं के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जंगी प्रदर्शन करते हुए रैली निकाली। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने विद्युत विभाग का घेराव करने के साथ साथ मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया।

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत तहसील मुख्यालय सरिया में कांग्रेस ने क्षेत्र में पिछले कई दिनों से हो रही भारी बिजली कटौती और ट्रिपिंग की समस्या को लेकर विद्युत कार्यालय पर धावा बोला और गहरा रोष व्यक्त किया। इस दौरान स्मार्ट मीटरों को तुरंत हटाने और बिजली की बढ़ी हुई दरों को वापस लेने की मांग की। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि जनता को जबरन स्मार्ट मीटर थोपा गया है। विद्युत घेराव के दौरान कांग्रेस ने कलेक्टर सारंगढ़ बिलाईगढ़ के नाम विद्युत विभाग जेई को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लिखा है कि यदि विद्युत कटौती में सुधार नहीं किया जाता और स्मार्ट मीटर नहीं हटाया जाता तो आगे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सरिया के द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। तत्पश्चात कांग्रेस का जंगी प्रदर्शन रैली विद्युत कार्यालय से तहसील कार्यालय पहुंची और यहां महामहिम राष्ट्रपति महोदय के नाम तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिताए मतदाता सूची में गड़बड़ी और विपक्षी वोटो को कथित रूप से हटाए जाने कि आरोप को लेकर कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ मोर्चा खोला। प्रदर्शनकारियों ने ज्ञानेश कुमार को वोट चोर बताते हुए तुरंत इस्तीफा की मांग की। तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंपने के बाद प्रदर्शनकारियों ने अटल चौक पहुंचकर चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शन कारियों में पुतला को लेकर छीना झपटी हुई। प्रदर्शनकारियों ने अटल चौक से नारे लगाते हुए गांधी चौक तक पहुंची और यहां सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ताराचंद देवांगन, प्रदेश पदाधिकारी शरद यादवए ब्लैक कांग्रेस अध्यक्ष उग्रसेन साहू, ब्लॉक कांग्रेस प्रभारी महेश देहरीए सहित बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। प्रदेश सचिव अमरजीत सिंह आहूजा, रामचंद्र शर्मा, दीपक मंडल, महामंत्री हिमांशु पाणिग्राही, सरिया मंडल अध्यक्ष रूप पटेल, अगनू पटेल, प्रकाश पुरोहित, जयप्रकाश साहू, हलधर मराठा, संजय प्रधान, रूप डनसेना, राजू प्रधान, संजय प्रधान सांकरा, मोहित प्रधान, केदार प्रधान, भुवन विजय, ललित डनसेना, प्रदीप पांडे, त्रिलोक निषाद, सरोज प्रधान, उपेंद्र पात्रे, पूर्ण चंद बैरागी, बीसीकेशन प्रधान, अरुण सिदार, बजरंग अग्रवाल, नेपाल यादव, हेमसागर सिदार, गोविन्द, भीष्म यादव एवं बड़ी संख्या में महिला व पुरुष कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

कोलता समाज नुआखाई भेंटघाट और प्रतिभा सम्मान समारोह में किया गया सौ से अधिक बच्चों का सम्मान



रायगढ़। कोलता समाज संभाग रायगढ़ का नुआखाई भेंटघाट एवं प्रतिभा सम्मान समारोह बहुत ही शानदार और ऐतिहासिक रहा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के देर से आने के बाद भी कोलता समाज के लोगों ने काफी उत्साह के साथ उनके आगमन की प्रतीक्षा किया जैसे ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सड़क मार्ग से रायगढ़ स्थित शहीद विप्लव त्रिपाठी मिनी स्टेडियम कार्यकम स्थल पहुंचे। कोलता समाज के हजारों महिलाओं, बुजुर्ग युवा और बच्चों ने करतल ध्वनि, शंखनाद एवं महिलाओं के मुख से निकाली जाने वाली देवनाद हुलहुली से आसमान गूंज उठा। इस अवसर पर समाज के आठों अंचल के पदाधिकारी अपने अपने स्वागत गेट पर खड़े होकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय साथ ही वित्त मंत्री ओपी चौधरी का गुलाब फूल भेंट कर स्वागत किया गया।

अपने-अपने अंचलों में प्रसिद्ध खेती, साग सब्जियों के टोकरी भेंट कर स्वागत किया गया। पूर्वांचल रायगढ़ से परवल की टोकरी भेंट की गई। सरिया अंचल से धान की बालियों से सजा गुलदस्ता भेंट किया गया। कोलता समाज की अधिष्ठात्री देवी रणेश्वरी माता रामचंडी की विधिवत पूजा अर्चना समाज के पूजक के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया तथा समाज प्रदेश की खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री के आगमन के पूर्व सामाजिक सभा में समाज के पदाधिकारियों ने सामाजिक एकजुटता व संस्कृति को बनाए रखने तथा विकास की मुख्य धारा में जुड़े रहने के लिए अपील की। कोलता समाज की इस महती सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने समाज के विकास के पिटारा खोल दिए। दिल खोलकर चंडी डोंगरी कोतरलिया में सर्व सुविधायुक्त कोलता समाज सामुदायिक भवन के लिए 30 लाख रुपए, नगर पंचायत पुसौर में सर्व सुविधायुक्त मंगल भवन निर्माण के लिए 50 लाख रुपए, वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा ग्राम बेलेरिया में सदगुरू समाज के लिए 25 लाख रुपए तथा हमीरपुर बॉर्डर में कोलता समाज भवन के बाउंड्री वाल के लिए घोषणा की गई। ये सभी मांगे कोलता समाज की ओर से की गई थी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी को नुआखाई जुहार किया तथा इस अवसर पर नुआखाई भोजन भी समाज के लोगों के साथ बैठकर किया।

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 20 अक्टूबर 2026

4

वित्त मंत्री ने लिया लिंक रोड, स्टेडियम, तालाबों के सौंदर्यीकरण और ऑक्सीजोन का जायजा













खबर संक्षेप

रामकुमार और नोबेल कांग्रेस पर्यवेक्षक नियुक्त

रायगढ़। लोकतंत्र की बुनियाद पर चोट करने वाली कथित वोट चोरी और मतदाता सूची में अनियमितताओं के खिलाफ कांग्रेस अब सड़क से गांव की चौपाल तक निर्णायक लड़ाई लड़ेगी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रव्यापी वोट बचाओ देश बचाओ अभियान को छत्तीसगढ़ में व्यापक जनआंदोलन का रूप देने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जिला स्तर पर पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। इसी क्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पूर्व महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष नाना पटोले के पर्यवेक्षण में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस द्वारा चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव को रायगढ़ शहर कांग्रेस व पूर्व विधायक नोबेल वर्मा को रायगढ़ ग्रामीण कांग्रेस पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी आदेश के तहत विधायक रामकुमार यादव एवं नोबेल वर्मा जिले में अभियान के सफल संचालनए संगठनात्मक समन्वय और निर्धारित कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन की निगरानी करेंगे। उनकी जिम्मेदारी में जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के बीच समन्वय स्थापित करना और अभियान को बूथ तथा गांव स्तर तक पहुंचाना शामिल है। कांग्रेस का यह अभियान राजनीतिक से हटकर मतदाता के अधिकार और लोकतांत्रिक व्यवस्था की निष्पक्षता से जुड़ा महत्वपूर्ण जनआंदोलन है। कांग्रेस का आरोप है कि मतदाता सूची में अनियमितता और वोट चोरी जैसी आशंकाओं ने लोकतंत्र की पारदर्शिता को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। इसी मुद्दे को लेकर कांग्रेस जनता के बीच जाएगी और मतदाता अधिकारों की रक्षा के लिए व्यापक जनजागरण करेगी। अभियान के दूसरे चरण में 10 से 20 अक्टूबर तक ब्लॉक एवं जनसंपर्क स्तर पर पदयात्रा, साइकिल रैली, बाइक रैली और सार्वजनिक सभाओं का आयोजन किया जाएगा। कांग्रेस कार्यकर्ता आम नागरिकों के बीच पहुंचकर मतदाता सूची की कथित विसंगतियों और वोट चोरी के मुद्दे को उठाएंगे। संविधान के अनुच्छेद 326 का पाठ, राष्ट्रगान और मताधिकार के महत्व पर चर्चा के माध्यम से जनता को अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

भूमिगत खदान के पास जमीन धंसी, ग्रामीणों में दहशत

बांकीमोंगरा। एसईसीएल की भूमिगत खदान क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भेजीनारा में जमीन धंसने की घटना सामने आई है। ग्रामीणों के अनुसार जमीन में बना गहरा गड्ढा 15 फीट से अधिक गहरा हो चुका है। इस घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों में भय का माहौल है। ग्रामीणों के मुताबिक जमीन धंसने से क्षेत्र में किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। गड्ढे की गहराई अधिक होने और आसपास झाड़ियां होने के कारण खतरा और बढ़ गया है। यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो किसी अप्रिय घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग एवं एसईसीएल प्रबंधन से मामले को गंभीरता से लेते हुए घटनास्थल का निरीक्षण कराने, जमीन धंसने के कारणों की जांच करने तथा सुरक्षा के आवश्यक इंतजाम करने की मांग की है। अब देखना होगा कि एसईसीएल प्रबंधन और संबंधित प्रशासन इस मामले में कब तक संज्ञान लेकर ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाते हैं।

6 दशकों से अनवरत बह रही है आस्था की बयार

एआई, आधुनिक चकाचौंध के बीच आज भी प्रासंगिक है रामलीला मैदान की परंपरा

रामलीला का वह दौर जब रामलीला मैदान के मंच पर रावण की अट्टाहस से बच्चे रोने लगते थे, कुभकर्ण की दहाड़ से सोये व्यक्ति की नींद खुल जाती थी। उस दौर में न कोई चांदनी न कोई टेंट, लोग बोरी लेकर पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर आगे में बैठने के लिए शाम 5 बजे से रामलीला मैदान पहुंच जाया करते थे। जमीन पर सामने बैठने के लिए कहासुनी, विवाद और लड़ाई तक होती थी, लेकिन बाद में एक दूसरे के साथ एक ही बोरी पर बैठकर रामलीला का आनंद लेते थे। उस दौर में जिस तरह से रामलीला का मंचन प्रासंगिक था आज भी रामलीला मैदान के छोटे से मंच से शुरु हुआ रामलीला का सफर 6 दशक याने (60) साल से अनवरत जारी है। आखिरी दिन 15-20 नाटक, घोड़ानाच और अन्य कलाकारों की प्रस्तुति होती थी। आज एआई का दौर है, चारों ओर आधुनिक चकाचौंध है, इसके बावजूद रामलीला मैदान का रामलीला अपनी सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं की जीवंत उदाहरण है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



शहर के रामलीला मैदान में नवरात्रि के समय 10 दिनों तक आयोजित होने वाले रामलीला मंचन को इस वर्ष 60 वर्ष पूरे हो रहे हैं। लगातार 6 दशकों से यहां रामलीला का मंचन स्थानीय लोगों सहित कलाकारों द्वारा किया जा रहा है। शुरूआत से लेकर अब तक साल दर साल इस विस्तार हो रहा है। मगर, लगातार 60 वर्षों तक रामलीला का आयोजन होने के बाद अब तक रामलीला मंडली को प्रशासन की ओर से कोई सहयोग प्राप्त नहीं हो सका है।

इस संबंध में रामलीला मंडली समिति के सदस्य दीपक पांडेय ने बताया कि शुरू से ही रामलीला मैदान में रामलीला का मंचन स्थानीय लोगों के सहयोग से आयोजित होता आया है। इसकी शुरूआत भी इसी तरह से शुरू हुई थी। उस दौर में भी काफी भीड़ एकत्र होती थी। क्योंकि उस दौरान मनोरंजन के ज्यादा साधन नहीं थे और ग्रामीण क्षेत्र से भी काफी संख्या में लोग आते थे। वहीं इस रामलीला मंचन को देखने के लिए पूरे 10 दिन भीड़ एकत्र होती थी। वर्तमान में जब मनोरंजन के साधन भी काफी हो गए हैं, इसके बाद भी रामलीला मंचन देखने के लिए काफी संख्या में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक आते हैं। इसमें कई लोग ऐसे हैं जो हर साल रामलीला मंचन देखने को आते हैं और कलाकारों की प्रस्तुति को काफी पसंद भी करते हैं। इतने सालों बाद भी रामलीला मंचन देखने के लिए आने वाले लोगों की संख्या कम नहीं हुई। यह अपने आप में बड़ी बात हैं। इस रामलीला मंडली में करीब 120 सदस्य व कलाकार हैं, जो पूरी रामलीला का मंचन करते हैं। इसमें रविशंकर दुबे, नीरज यादव, दिनेश यादव, अतुल दुबे व अन्य काफी पुराने कलाकार हैं। सदस्य दीपक पांडेय ने aबताया कि पूर्व में रामलीला आयोजन के लिए अनुदान को लेकर नगर निगम एमआईसी सहित में निर्णय लिया गया था, लेकिन वह अब तक अप्राप्त हैं। वहीं शासन प्रशासन से भी सहयोग की मांग की गई थी। किंतु इस संबंध में कोई उचित कार्रवाई नहीं की गई।

36 सालों से 200 गुजराती परिवार ने संभाली सभ्यता व संस्कृति

शहर के गुजराती पारा में नवरात्रि के अवसर पर आयोजित होने वाला गरबा नृत्य का कार्यक्रम पूरे जिले में प्रसिद्ध हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन मूलतः गुजराती समाज द्वारा किया जाता है। इस कार्यक्रम की प्रसिद्धी के पीछे शहर के समस्त गुजराती परिवार का निरंतर समर्पण व सहयोग साफ तौर पर नजर भी आता है। इस संबंध में गुजराती समाज के चंदन टांक ने बताया कि शहर के करीब 200 गुजराती परिवार निरंतर 36 सालों से गरबा नृत्य के इस कार्यक्रम का आयोजन करते हुए अपने समाज की सभ्यता और संस्कृति को संभाले हुए हैं। करीब साढे तीन दशकों से समस्त 200 गुजराती परिवार अपने आपसी सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन करते हैं। इसकी सजावट, यहां आने वाले सभी परिवारों के लिए भोजन की व्यवस्था से लेकर तमाम इंतजाम वे खुद ही करते हैं। चंदन टांक बताते हैं कि मां दुर्गा की अराधना, देवी शक्ति के सम्मान और बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव मनाने के लिए गरबा नृत्य का आयोजन किया जाता है।

बांस-पैरा गायब, महंगे हुए पटाखे रावण निर्माण पर महंगाई की मार



दशहरा पर्व पर रावण दहन की तैयारियों में जुटे आयोजकों को इस बार कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। रावण के पुतले के निर्माण के लिए जरूरी बांस आसानी से उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। वहीं पुतले को तैयार करने में इस्तेमाल होने वाले पैरे की कमी ने भी परेशानी बढ़ा दी है। पहले जहां बांस और पैरे आसानी से मिल जाते थे, वहीं अब इनके इंतजाम के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। इसके अलावा, आतिशबाजी में इस्तेमाल होने वाले पटाखों की कीमतें भी पहले की तुलना में काफी बढ़ गई हैं। इससे रावण दहन के आयोजन का खर्च बढ़ रहा है। पहले दशहरा के दौरान रावण दहन के साथ बड़े पैमाने पर आतिशबाजी की जाती थी। रंग.बिरंगी आतिशबाजी देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मैदान में जुटते थे और यह आयोजन आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहता था। लेकिन अब निर्माण सामग्री की कमी और बढ़ती कीमतों के चलते आयोजकों के सामने परंपरागत आयोजन को भव्य रूप देने की चुनौती है।

50 फीट के रावण का हो रहा निर्माण



बता दें कि रामलीला मैदान, नटवर स्कूल मैदान, मिनी स्टेडियम इन तीन जगहों पर रावण दहन का आयोजन किया जा रहा है। तीनों स्थानों पर रावण दहन से पहले की तैयारियां की जा रही है। रामलीला मैदान व नटवर स्कूल मैदान में करीब 50 फीट के रावण का दहन किया जाएगा। रावण दहन के लिए मैदान में बैरिगेटिंग की जा रही है।

खेत बेचकर लगाया पैसा, डिजिटल टोकन में मुनाफे के नाम पर 11.60 लाख की ठगी

रायगढ़। कम समय में मोटा मुनाफा कमाने की उम्मीद में एक युवक ने अपना खेत बेचकर डिजिटल टोकन में 11.60 लाख रुपये निवेश कर दिए। आरोप है कि निवेश के नाम पर उससे रकम तो ले ली गई, लेकिन न मुनाफा मिला और न ही मूलधन वापस हुआ। शिकायत की जांच के बाद रायगढ़ साइबर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, मामले में ओडिशा और मुंबई तक जुड़े संपर्कों तथा रकम के लेन-देन की जांच की जा रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ओड़िशा के गंजाम जिले का रहने वाला 26 वर्षीय विक्रम परिडा वर्ष 2024 से रायगढ़ में रह रहा था। इसी दौरान उसकी पहचान गजुला मोहन से हुई। गजुला ने यूनिटी मेटा टोकन और बीड क्वाइन में निवेश कर लाभ कमाने की बात कही और युवक को भी निवेश के लिए तैयार किया। आरोपियों के झांसे में आकर युवक ने अपना खेत बेच दिया। इसके बाद 25 जुलाई से 3 सितंबर 2024 के बीच कुल 11 लाख 60 हजार रुपये निवेश कर दिए। इस रकम के लेन-देन के लिए चंदन दास के माध्यम से भावेष पटेल के बैंक खाते का इस्तेमाल किया गया। निवेश के बाद जब युवक को न मुनाफा मिला और न उसकी मूल रकम वापस हुई, तो उसने पुलिस से शिकायत की। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि मुख्य आरोपी गजुला मोहन के खिलाफ वर्ष 2025 में भी चक्रधरनगर थाना क्षेत्र में धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ था। यह मामला विवेकानंद राउत, देवेंद्र महापात्रे और शरद जैन से संबंधित शिकायत पर दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार, उस प्रकरण में न्यायालय से स्टे मिलने के बाद आरोपी फरार चल रहा था। जांच के दौरान साइबर पुलिस ने बैंक खातों के स्टेटमेंट और लेन-देन की जानकारी खंगाली। जांच में शिकायतकर्ता और आरोपियों के बीच रकम के लेन-देन से संबंधित तथ्य सामने आए। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके मोबाइल फोन भी जांच में शामिल किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में गजुला मोहन, चंदन दास और भावेष पटेल शामिल हैं। तीनों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

जिले में 85 हाथियों की मौजूदगी से किसानों की बढ़ी चिंता

हाथियों का आतंक, एक रात में 14 किसानों की फसलें तबाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



धरमजयगढ़ वन मंडल में हाथियों की आवाजाही से किसानों की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं। जंगल से निकलकर हाथियों के दल रात के समय खेतों में पहुंच रहे हैं और खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। रविवार की देर रात धरमजयगढ़, छाल और कापू वन परिक्षेत्र के अलग-अलग गांवों में हाथियों ने 14 किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया। लगातार हो रहे इस नुकसान से प्रभावित किसान परेशान हैं।

इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक, धरमजयगढ़ रेंज के खलबोरो में राधाबाई की फसल को हाथियों ने नुकसान पहुंचाया। आमापाली और आमगांव में 7 किसानों की फसलें बर्बाद हुईं। इनमें सनतराम, हंसाराम, श्रवण नायक, मंगतू, विजय और संतराम सहित अन्य किसान शामिल हैं। वहीं भंवरखोल में योगेश की फसल भी हाथियों की चपेट में आ गई। इसी तरह छाल रेंज के कंसाबहार में उमाशंकर जांगड़े और बोजिया में पीतांबर की फसल को नुकसान पहुंचा। कापू रेंज के सोनाजोरी और कमरई में भी धनसाय, टीबू और परसराम की फसलें हाथियों ने रौंद दीं। वन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, रायगढ़ जिले में वर्तमान में 85 हाथी विचरण कर रहे हैं। इनमें 28 नर, 31 मादा और 26 शावक शामिल हैं। धरमजयगढ़ वन मंडल में 77 हाथियों की मौजूदगी है, जबकि रायगढ़ वन मंडल में आठ हाथी घूम रहे हैं। धरमजयगढ़ क्षेत्र में हाथियों की अधिक संख्या के कारण ग्रामीण इलाकों में सतर्कता बरती जा रही है। लगातार फसल नुकसान के बीच किसानों को अब मुआवजे और अपनी फसलों की सुरक्षा की चिंता सता रही है। वहीं वन विभाग के सामने हाथियों की निगरानी के साथ ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की चुनौती बनी हुई है।

विभाग की टीम कर रही निगरानी

हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए वन विभाग और हाथी मित्र दल की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में तैनात हैं। ग्रामीणों को हाथियों की मौजूदगी की जानकारी देने के लिए गांवों में मुनादी कराई जा रही है। विभाग ने लोगों को हाथियों की आवाजाही के दौरान जंगल और खेतों की ओर जाने से बचने की सलाह दी है।

खबर संक्षेप

23 से 30 अक्टूबर तक ग्राम सभाओं का आयोजन

सारंगढ़। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में त्रिस्तरीय पंचायत आम एवं उप निर्वाचन 2026 के लिए निर्वाचक नामावली तैयार करने तथा पुनरीक्षण की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन श्रीमती पद्मिनी भोई साहू द्वारा जिले के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं नगर पालिका अधिकारियों को आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचक नामावली तैयार करने के प्रथम चरण में 5 अक्टूबर से रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया निर्धारित की गई है। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा 21 अक्टूबर को निर्वाचक नामावली का मुद्रण एवं सॉफ्टवेयर अभिलेखों की उपलब्धता की व्यवस्था की जाएगी। इसके पश्चात 23 अक्टूबर को निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा तथा दावा.आपत्तियां प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू होगी। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 30 नवंबर को किया जाना निर्धारित है।

मछली पालन से बदली भुनेश्वरी की जिंदगी

सारंगढ़। ग्राम धनगांव की भुनेश्वरी आज मछली पालन से प्रतिमाह 10 हजार रुपए की आमदनी अर्जित कर आत्मनिर्भरता की मिसाल बन गई हैं। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान ने उनके जीवन को नई दिशा दी है। वंदना स्वयं सहायता समूह से जुड़कर उन्होंने न केवल अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कीए बल्कि लखपति दीदी के रूप में गांव की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा भी बनी हैं। भुनेश्वरी की सफलता बताती है कि शासन की योजनाओं से मिलने वाला आर्थिक सहयोग और स्वयं की मेहनत मिलकर ग्रामीण महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

मतदाता सूची का 4 जनवरी को अंतिम प्रकाशन

सारंगढ़। जिले में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की तैयारियां प्रारंभ की जा रही हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी पत्र के अनुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के संदर्भ में मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। इसके तहत मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण, एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन, दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने तथा उनके निराकरण के बाद अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण एवं पुनर्व्यवस्थापन का कार्य 2 नवंबर 2026 तक पूर्ण किया जाएगा। इसके पश्चात 12 नवंबर को एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने तथा अन्य संबंधित दावे एवं आपत्तियां 12 नवंबर से 11 दिसंबर 2026 तक प्राप्त की जाएंगी। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निराकरण 28 दिसंबर तक किया जाएगा। इसके बाद 4 जनवरी 2027 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

समय सीमा में काम पूरा करने का दिया निर्देश

वित्त मंत्री ने लिया लिंक रोड, स्टेडियम, तालाबों के सौंदर्यीकरण और ऑक्सीजोन का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़





विकास कार्यो का जायजा लेने पहुंचे वित्तमंत्री।

प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सोमवार को शहर में निर्माणाधीन विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति और समय-सीमा की समीक्षा करते हुए पूरी गुणवत्ता के साथ तय समय-सीमा पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। वित्त मंत्री ने जोगीडीपा में निर्माणाधीन कैनाल लिंक रोड, बोइरदादर स्टेडियम में निर्माणाधीन स्विमिंग पुल एवं एथलेटिक ट्रैक, प्रगतिनगर मरीन ड्राइव, फटहामुड़ा तालाब, किसान राइस मिल परिसर स्थित ऑक्सीजोन तथा मिट्ठूमुड़ा तालाब में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने और नागरिक सुविधाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

वित्त मंत्री ने अधिकारियों के साथ विभिन्न परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति पर चर्चा करते हुए कहा कि विकास कार्यों का नियमित निरीक्षण आवश्यक है। इससे निर्माण कार्यों की वास्तविक स्थिति का आंकलन करने के साथ नागरिकों की अपेक्षाओं और आवश्यक सुधारों की जानकारी भी मिलती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकास कार्यों को बेहतर योजना, आपसी समन्वय और निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप पूरा किया जाए।

प्रगति नगर मरीन ड्राइव और पहुंचे

वित्त मंत्री ने प्रगति नगर मरीन ड्राइव क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण कर उनकी प्रगति की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने किसान राइस मिल परिसर में विकसित किए जा रहे ऑक्सीजोन का निरीक्षण किया। यहां ओपन जिम, पाथवे और योग केंद्र सहित विभिन्न सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। इन सुविधाओं के माध्यम से शहरवासियों को हरित, स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

बोईरदादर स्टेडियम के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने बोईरदादर स्टेडियम में निर्माणाधीन ओलंपिक मानक के स्विमिंग पूल, सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक और स्केटिंग रिंग का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। ट्रैक पर जमा मलबे को हटाकर परिसर को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खेल अधोसंरचना का विकास खिलाड़ियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए उनकी समस्याओं और सुझावों को भी गंभीरता से लिया जाए।



वित्त मंत्री की धर्मपत्नी डॉक्टर अदिति धार्मिक प्रवास पर पहुंची सरिया

सरिया। शारदीय नवरात्र के अवसर पर प्रदेश के वित्त मंत्री और क्षेत्रीय विधायक ओपी चौधरी की धर्मपत्नी डॉक्टर अदिति चौधरी रविवार शाम सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के सरिया क्षेत्र के दौरे पर पहुंची। इस धार्मिक प्रवास के दौरान उन्होंने स्थानीय मंदिरों तथा माता रानी के पंडाल पर पहुंचकर विधि विधान से पूजा अर्चना की और माता रानी की आशीर्वाद लिया। माता रानी के दर्शन उपरांत उन्होंने माताजी के चरणों में शीश नवा कर पूरे सरिया क्षेत्र और छत्तीसगढ़ राज्य की सुख शांति समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर क्षेत्र के स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। रायगढ़ विधानसभा के सरिया क्षेत्र में डॉक्टर अदिति चौधरी सबसे पहले श्री श्री रणेश्वर रामचंडी मंदिर पहुंचकर माता रानी के दर्शन व पूजन किया और यहां महिला श्रद्धालुओं से चर्चा किया। इसके बाद डॉक्टर अदिति चौधरी नवोदय दुर्गोत्सव मेन रोड पहुंची और यहां समिति पदाधिकारी चर्चा करते हुए माता रानी के पंडाल में पहुंचकर गरबा नृत्य में सम्मिलित हुए। श्रद्धालुओं का कहना है कि वित्त मंत्री डॉ ओपी चौधरी की धर्मपत्नी डॉक्टर अदिति चौधरी का पहुंचना और कार्यक्रमों में शामिल होना एक अत्यंत सराहनीय और संस्कृति को बढ़ावा देने वाला कदम है। नवरात्रि के दौरान पंडाल में इस प्रकार आम जनता के बीच उपस्थित होना डांडिया और गरबा रास में भाग लेना न केवल उत्सव के उत्साह को दोगुना करता है बल्कि भारतीय लोक परंपराओं और नारी शक्ति के सम्मान को भी प्रदर्शित करता है। अंत में सार्वजनिक दुर्गा पूजन समिति पहुंची और यहां पूजा अर्चना कर श्रद्धालुओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि माता रानी सभी का कल्याण करें।

सारंगढ़ में पनिका समाज की जिला स्तरीय विशेष बैठक

- बैठक में जिला इकाई का किया गया गठन, प्रथम अध्यक्ष बने देवदास



कोसीर। बीते दिन 18 अक्टूबर को सारंगढ केशरवानी भवन मे मानिकपुरी पनिका समाज का जिला इकाई का गठन सर्व सहमति से किया गया। सारंगढ-बिलाईगढ़ जिला बनने के बाद से ही लगातार जिला संगठन को लेकर लगातार चर्चा चल रही थी। समाज को अग्रसर करने तथा समाज के विकास को लेकर जिला इकाई का गठन जरुरी माना जा रहा था।

इसी तारतम्य को लेकर 18 अक्टूबर को सारंगढ़ के केशरवानी भवन मे एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिला के तीनों ब्लॉक सारंगढ बरमकेला व विलाईगढ वहीं सरसीवा भटगांव व कोसीर परिक्षेत्र से प्रतिनिधि व समाज के लोग भारी संख्या में पहुंच कर एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया। समाज की विकास व उसे आगे बढाने के लिए एक मुखिया का होना जरुरी होता। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में निर्णय लिया और सर्व सहमति से निर्णय कर दिलीप दास को सभापति नियुक्त कर जिला इकाई का गठन किया गया। जिसमें बिलाईगढ अध्यक्ष देवदास मानिकपुरी को जिला अध्यक्ष, बरमकेला से पूनीदास को कोषाध्यक्ष, कोसीर परिक्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष फुलदास को जिला सचिव दिलीप दास को सहसचिव व राजू दास मंहत को जिला मीडिया प्रभारी बनाया गया। जिस पर उपस्थित सभी समाज के लोगो ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूलों की हार पहना कर स्वागत किया। नवनियुक्त अध्यक्ष देवदास मानिकपुरी व सारंगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष अगरदास दारा समाज के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला और कहा समाज को एक सूत्र में बांधना और समाज का विकास करना मेरा पहली प्राथमिकता होगी। समाज में रहना इंसान का सबसे बडा कर्तव्य है। उसी प्रकार समाज का जीवन मे विशेष महत्व है। हम सब मिलकर हमारे समाज को एक बेहतर दिशा देगें।

घरघोड़ा में हर बुधवार लगेगा कलेक्टर का कैम्प कोर्ट

रायगढ़। जिले के लोगों को राजस्व मामलों के निराकरण के लिए जिला मुख्यालय आने-जाने से राहत मिलेगी। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने घरघोड़ा में कलेक्टर कैम्प कोर्ट शुरू करने का आदेश जारी किया है। इसकी शुरुआत 4 नवंबर से होगी। इसके बाद हर बुधवार को घरघोड़ा में कैम्प कोर्ट लगाया जाएगा। इस कैम्प कोर्ट में घरघोड़ा के साथ तमनार, लैलूंगा, मुकडेगा, धरमजयगढ़, छाल और कापू तहसील के राजस्व और अन्य मामलों की सुनवाई की जाएगी। इससे इन क्षेत्रों के लोगों को अपने मामलों के लिए रायगढ़ जिला मुख्यालय तक बार-बार आने की जरूरत कम होगी। कैम्प कोर्ट में छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 के तहत आने वाले प्रथम और द्वितीय अपील, पुनरीक्षण और पुनर्विलोकन के मामलों की सुनवाई कर उनका निराकरण किया जाएगा।

कलेक्टर पहुंची चंद्रपुर, पीवी ऐप सर्वे कार्यों का किया निरीक्षण

चंद्रपुर। कलेक्टर श्रीमती जयश्री जैन द्वारा चंद्रपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरहागुड़ा में पीवी ऐप के माध्यम से किए जा रहे डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्यों का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर ने चंद्रपुर पहुँचने पर सर्वप्रथम माँ चंद्रहासिनी के दर्शन कर नवरात्र पर्व के दौरान आने वाले श्रद्धालुओ के लिए मन्दिर परिसर की व्यवस्थाओ का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती जयश्री जैन ने ग्राम बरहागुड़ा के खेतों में चल रहे सर्वे कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने सर्वे कार्य में लगे सर्वेयर सहित संबंधित राजस्व अधिकारियों, कृषि विभाग, सहकारिता विभाग एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य पूरी सावधानी एवं सटीकता के साथ त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सर्वे कार्य के दौरान किसी भी किसान का रकबा अथवा खसरा छूटने नहीं पाए। उन्होंने कहा कि सर्वे के दौरान सभी आवश्यक जानकारियों का सही सही संकलन सुनिश्चित किया जाए, ताकि डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुरूप पूर्ण हो सके। कलेक्टर ने क्षेत्र के किसानों से सर्वे कार्य में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि पीवी ऐप सर्वे एवं एग्रीस्टैक पंजीयन से वंचित शेष किसान अपना पंजीयन अवश्य कराएं, ताकि कोई भी पात्र किसान इस प्रक्रिया से छूटने न पाए।



श्रद्धालुओं को न हो किसी प्रकार की असुविधा

कलेक्टर ने चंद्रपुर में माँ चंद्रहासिनी मंदिर पहुंचकर माता के दर्शन किए तथा मंदिर परिसर में नवरात्र पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में साफ सफाई, आवागमन तथा श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाओं की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारु रूप से सुनिश्चित की जाएं।

सांग धारण कर मांदर की धुन पर थिरके माता के भक्त



सरसीवा। नवरात्रि पर्व पर अंचल में वर्षों से बाना जुलूस निकालने की प्रथा प्रचलित है। यह प्रथा हमेशा से आदि शक्ति माँ भवानी के अनन्य भक्ति भाव और हिन्दू संस्कृति का हिस्सा रहा है जिसे बनाये रखने इस वर्ष भी बाना जुलूस निकाला गया जिसे देखने भक्तों भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं बाना सांग लेने युवा भक्तों में उत्साह देखने को मिला। शनिवार को सरसीवा में बैगा घसिया कर्ष एवं अजय साहू के मार्गदर्शन में भक्तों ने बाना जुलूस निकाला गया जिसमें भक्तों की भीड़ रही। पुलिस प्रशासन भी शांति व्यवस्था एवं यातायात की दृष्टि से डटे हुए थे।

क्वांर नवरात्रि के शुभ अवसर पर माता के भक्तों ने बाना जुलूस निकाला। अंचल के विभन्न गांवों में बाना जुलूस निकाला जाता है जिसे देखने श्रद्धालु भक्तों की भीड़ जुटती है। वहीं दर्जनों भक्त सांग धारण करते है। सरसीवा में बाना के नाम से प्रसिद्व है घसिया कर्ष एवं भाटापारा से अजय साहू जिनके द्वारा भक्तों के आग्रह पर जगह जगह जाकर बाना जुलूस कार्यक्रम संपन्न किये जाते है। जब इनसे पत्रकारों ने चर्चा की तब उन्होंने बताया कि माता के आशीर्वाद से बाना जुलूस कार्यक्रम संपन्न होता है। वहीं सांग धारण किये भक्तों का कहना है कि माता के प्रति श्रद्धा एवं आशिर्वाद से हम सांग लेते है जिसके कारण से सांग लेने पर शरीर पर किसी भी प्रकार का प्रतिकूल विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। थोड़ा दर्द जरूर होता है पर घी एवं नींबू लगाने से दर्द गायब हो जाता है। सरसीवा में घसिया कर्ष पेंड्रावन मार्ग से एवं अजय साहू भाटापारा से बाना जुलूस निकाला गया।

बरमकेला में श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के साथ किया गया नवरात्रि का उद्यापन



बरमकेला। शारदीय नवरात्रि के समापन अवसर पर बरमकेला नगर में श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के साथ नवरात्रि का उद्यापन एवं नवकन्या पूजन किया गया। इस अवसर पर नगर के विभिन्न घरों में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की और कन्याओं को नौ देवियों का प्रतीक मानकर उनका पूजन किया। सुबह से ही घरों एव मोहल्लों में धार्मिक वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने माता रानी की आराधना कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना की।

नवकन्या पूजन के दौरान कन्याओं का तिलक लगाकर, आरती उतारकर और चरण पूजन कर उनका सम्मान किया गया। इसके बाद उन्हें श्रद्धापूर्वक भोजन कराया गया तथा विभिन्न उपहार भेंट किए गए। नवकन्या पूजन के दौरान छोटी-छोटी बच्चियों को नौ देवियों का प्रतीक मानकर श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की गई। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, कन्याओं में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का वास मानते हुए श्रद्धालुओं ने उनका पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं, धार्मिक परंपरा के अनुसार भैरव बाबा और बजरंगबली को भी प्रतीक मानकर पूजा गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। पूजन के बाद बच्चियों को केले, रुमाल, नेलपॉलिश, बिंदी, चूड़ी सहित सजने-संवरने से संबंधित विभिन्न सामग्री उपहार स्वरूप भेंट की गई। उपहार पाकर बच्चियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। घरों में कन्याओं के स्वागत और सत्कार के लिए विशेष तैयारियां की गई थी।





चंद्रपुर में देवांगन समाज ने निकाली पाट कलश शोभायात्रा



चंद्रपुर। क्वांर नवरात्रि की महाअष्टमी के पावन अवसर पर चंद्रपुर एवं शशिपुर देवांगन समाज द्वारा पुरातन परंपरा का निर्वहन करते हुए भव्य पाट साड़ी कलश शोभायात्रा निकाली गई।

श्रद्धा एवं उत्साह से परिपूर्ण इस शोभायात्रा में समाज की महिलाओं, पुरुषों, युवाओं और वरिष्ठजनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मनमोहक झांकियों और माता रानी के जयकारों से नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा का शुभारंभ प्रातः 8 बजे गौरा डबरी से पवित्र जल भरकर किया गया। इसके बाद कलश यात्रा नगर के विभिन्न मोहल्लों से होते हुए मां चंद्रहासिनी मंदिर, मां विशेश्वरी मंदिर एवं मां दुर्गा मंदिर पहुंची, जहां विधि विधान से माता रानी को कोसा धागे से बनी शुद्ध पाट साड़ी अर्पित की गई। इस दौरान समाज की बुनकर बहनों ने सिर पर कलश धारण कर शोभायात्रा की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक रामकुमार यादव भी शामिल हुए।





